हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 23 मई 2026

06 बरसात से पहले एक्शन मोड में नपा, शहर में ...



07 महिला की हत्या से आक्रोशित गुर्जर...





**खबर संक्षेप**

### आबकारी अमले ने की सदर, कैंट एवं सिविल लाइन क्षेत्र में कार्यवाही

**सागर**। कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशन में एवं कंट्रोलर सहायक जिला आबकारी अधिकारी पूजा चंद्रन के नेतृत्व में आबकारी विभाग द्वारा लगातार सागर शहरी क्षेत्र में अवैध अहातों, अवैध मदिरा विक्रय एवं सार्वजनिक स्थलों पर मदिरापान के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर सघन कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में आबकारी अमले द्वार गुजराती बाजार, मकरोनिया, सिविल लाइन एवं गोपालगंज स्थित मदिरा दुकानों के आसपास जांच की गई। वृत्त उत्तर प्रभारी सियाराम चौधरी द्वारा गुरु गोविंद सिंह वार्ड में अवैध मदिरा विक्रय तथा सदर बाजार सागर क्षेत्र में सार्वजनिक स्थल पर मदिरापान के विरुद्ध प्रकरण कायम किए गए। साथ ही प्राप्त सूचना के आधार पर धारा 54 के तहत तलाशी कार्यवाही भी की गई। इसी प्रकार वृत्त दक्षिण प्रभारी रोशनी उरेती द्वारा सिविल लाइन, गोपालगंज एवं मकरोनिया क्षेत्र में अवैध अहातों एवं सार्वजनिक स्थलों पर मदिरापान के विरुद्ध प्रकरण कायम किए गए। सभी मदिरा दुकानों को सख्त निर्देश दिए गए कि 21 वर्ष से कम आयु के बच्चों एवं किशोरों को मदिरा विक्रय न किया जाए।

### समीक्षा बैठक आज

**सागर**। खाद्य नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत की अध्यक्षता में 23 मई को समय दोहपर 12:00 बजे कार्यालय कलेक्टर सभाकक्ष में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जल जीवन मिशन के विभागीय कार्यों के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन की जाएगी।

### सहायक यंत्री ने लाइब्रेरी में संचालित व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

**खुरई**। शासन के निर्देशों के परिपालन में नगर पालिका परिषद खुरई द्वारा संचालित नगर की सार्वजनिक लाइब्रेरियों में व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु निरीक्षण अभियान चलाया गया। इसी क्रम में नगर पालिका परिषद खुरई के सहायक यंत्री अविनाश रावत ने दीनदयाल उपाध्याय वार्ड स्थित सार्वजनिक पुस्तकालय का जायजा लेते हुए वहां उपलब्ध सुविधाओं, स्वच्छता एवं अध्ययन व्यवस्था का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उपयंत्री शैलेंद्र सिंह ने पुस्तकालय के संचालन, पाठकों की उपस्थिति तथा उपलब्ध संसाधनों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि लाइब्रेरी में विद्यार्थियों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं के लिए शांत एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है।

**अवैध खनन, परिवहन पर सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, एसडीएम लगातार मॉनिटरिंग करें**

# 15 वर्ष पुरानी बसों को आउट रोड करें, स्कूल बसों का सतत निरीक्षण करें, फिटनेस चेक करेः कलेक्टर पाल

### बगैर लाइसेंस की आतिशबाजी भंडारण, विक्रय पर सख्त कार्यवाही करें, पर्याप्त अग्निशामक यंत्र मौजूद रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

बगैर लाइसेंस की आतिशबाजी भंडारण, विक्रय पर सख्त कार्यवाही करें, पर्याप्त अग्निशामक यंत्र मौजूद रहे अवैध खनन, परिवहन पर सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, आतिशबाजी भंडारण का एसडीएम लगातार मानिटरिंग करें साथ ही 15 वर्ष पुरानी बसों को आउट रोड करें, स्कूल बसों का सतत निरीक्षण करें एवं बस,ड्राइवर की फिटनेस चेक करे । उक्त निर्देश कलेक्टर प्रतिभा पाल ने खनिज, विस्फोटक एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी की समीक्षा बैठक में दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग



सुजानिया, समस्त एसडीएम, जिला क्षेत्र परिवहन अधिकारी, जिला खनिज अधिकारी, डीएसपी ट्रैफिक, सिटी मजिस्ट्रेट अधिकारी मौजूद थे।कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कहा कि बगैर लाइसेंस के किसी भी स्थिति में आतिशबाजी का भंडारण एवं विक्रय नहीं होना चाहिए। इसके बाद यदि कहीं भी पाया जाता है तो संबंधित अधिकारी दोषी होगा। जिस पर सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि विस्फोटकों का अवैध भंडारण एवं विक्रय पर सभी अधिकारी लगातार निगरानी करें एवं जरूतर पड़ने पर आवश्यक कार्यवाही करें। उन्होंने निर्देश दिए की स्कूल बसों की जुलाई माह के पूर्व उनकी फिटनेस की जांच एवं ड्राइवर की फिटनेस की जांच करें एवं सभी ड्राइवर का नेत्र प्रशिक्षण कराएं। उन्होंने कहा कि 15 वर्ष पुरानी जिले में कोई भी बस संचालित नहीं होना चाहिए ऐंसी सभी बसों को आउट रोड करें। उन्होंने कहा कि स्कूल बस सहित सभी बसों में दो दरवाजे सुनिश्चित किए जाएं इमरजेंसी गेट भी सभी बसों में हो यह भी सुनिश्चित किया जाए।

कलेक्टर प्रतिभा पाल ने निर्देश दिए कि अवैध रूप से खनन एवं परिवहन पर भी सख्त कार्यवाही की जावे एवं वाहनों को राजसात करने की कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने-अपने राजस्व की लक्ष्य को शत प्रतिशत पूरा करें। जिले में एलई थ्री मैगजीन लाइसेंस, एलई फोर, ट्रैक्टर कंप्रेसर, ब्लास्टिंग लाइसेंस, एलई 5, आतिशबाजी लाइसेंस, भंडारण एवं शस्त्र डीलरों की जांच लगातार की जावे।



### आईटीआई में नारी शक्ति रैम्प वॉक का आयोजन स्विंग टेक्नोलॉजी के प्रशिक्षणार्थियों ने बिखेरे जलवे

**सागर**। नारी शक्ति और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सागर में प्राचार्य अमरनाथ साकेत के निर्देश पर 21 मई को प्रशिक्षणार्थियों द्वारा तैयार किए गए आधुनिक वस्त्रों के प्रदर्शन प्रतियोगिता हेतु हेतु गौरवमयी रैंप वॉक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें श्रीमती आशु राव प्रशिक्षण अधिकारी के मार्गदर्श में संस्था के 'सुइंग टेक्नोलॉजी' विभाग की सभी प्रतिभावान प्रशिक्षणार्थियों द्वारा खुद के हाथों से तैयार (डिजाइन) किए गए परिधानों को पहनकर एक शानदार रैम्प वॉक प्रस्तुत किया गया। इस अनूठे प्रदर्शन में प्रशिक्षणार्थियों ने अपने द्वारा तैयार आधुनिक एवं पारंपरिक पोशाकों को प्रदर्शित कर अपनी कला, रचनात्मकता और अदम्य उत्साह का परिचय दिया, जिसे उपस्थित जनसमूह द्वारा खूब सराहा गया। कार्यक्रम का सफल संचालन आशु राव (अधिकारी, सुइंग ट्रेड) द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सहायक संचालक अदिति मिश्रा एवं सुश्री पूजा तिवारी, प्राचार्य वर्ग 2 उपस्थित रहीं। रैम्प वॉक और ड्रेस डिजाइनिंग के कड़े मुकाबले में प्रशिक्षणार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर विजेताओं की घोषणा की गई, प्रथम स्थान गायत्री खटोल, द्वितीय स्थान मधु प्रजापति, तृतीय स्थान महक अहिरवार ने प्राप्त किया।

### हाथठेला व्यवसायियों को हाकर्स जोन में व्यवस्थित करने के लिए 25 से आवेदन जमा कराने के दिए निर्देश

**सागर**। नगर निगम क्षेत्र में हाथठेला पर व्यवसाय करने वाले छोटे दुकानदारों को व्यवस्थित रूप से व्यवसाय करने की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु नगर निगम द्वारा हाकर्स जोन विकसित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने सहायक आयुक्त एवं बाजार प्रभारी आनंद मंगल गुरु को निर्देश दिए हैं कि हाथठेला व्यवसायियों के पंजीयन हेतु 25 मई से आवेदन जमा कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कुल 51 स्थानों को हाकर्स जोन के रूप में चिन्हित किया गया है, जहां हाथठेला एवं छोटे व्यवसायियों को व्यवस्थित रूप से व्यवसाय करने के लिए स्थान उपलब्ध कराया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखना, सड़कों पर अव्यवस्थित अतिक्रमण को नियंत्रित करना तथा छोटे व्यवसायियों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित व्यापारिक वातावरण उपलब्ध कराना है। सहायक आयुक्त आनंद मंगल गुरु ने जानकारी देते हुए बताया कि हाथठेला पर व्यवसाय करने वाले सभी छोटे दुकानदारों को हाकर्स जोन में स्थान आवंटन हेतु निर्धारित प्रक्रिया के अंतर्गत आवेदन करना अनिवार्य होगा। आवेदन 25 मई से नगर निगम की बाजार शाखा में जमा किए जाएंगे। आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड, स्ट्रीट वेंडर्स क्रमांक, वर्तमान व्यवसाय स्थल का पता, हाथठेला स्थान की फोटो एवं निर्धारित शुल्क जमा करना आवश्यक होगा। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर पात्र व्यवसायियों को हाकर्स जोन में नियमानुसार स्थान आवंटित किए जाएंगे। जिन व्यवसायियों द्वारा पंजीयन हेतु आवेदन जमा नहीं किए जाएंगे, उन्हें हाकर्स जोन में स्थान आवंटित नहीं किया जाएगा।नगर निगम द्वारा यह व्यवस्था छोटे व्यवसायियों के हितों को ध्यान में रखते हुए बनाई जा रही है, जिससे उन्हें व्यवस्थित स्थान पर व्यवसाय करने की सुविधा मिल सके ।

## कुएं में डूबने से दो चचेरे भाइयों की मौत परिवार की शादी में शामिल होने आए थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

देहात थाना क्षेत्र में एक दुखद घटना सामने आई है। परिवार में होने वाली शादी में शामिल होने आए दो चचेरे भाइयों की कुएं में डूबने से मौत हो गई। दोनों युवक बचपन से ही साथ रहते थे और हर गतिविधि में एक-दूसरे का साथ निभाते थे।

यह घटना खुरई देहात थाना के बम्होरी नवाब गांव में हुई। मृतकों की पहचान अभिषेक पिता हल्कई आदिवासी (18) और रूपसिंह पिता बाबूलाल आदिवासी (18) के रूप में हुई है। दोनों गांव के पास बने एक कुएं में नहाने गए थे, जहां वे डूब गए। प्रारंभिक आशंका है कि नहाते समय एक युवक डूबने लगा होगा और उसे बचाने के प्रयास में दूसरा भी पानी में समा गया, जिससे दोनों की जान चली गई। घटना की सूचना मिलते ही बरोदिया नोनागिर पुलिस



चौकी प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

### ताऊ के लड़के की शादी में शामिल होने आए थे

मृतक अभिषेक आदिवासी अपने माता-पिता के साथ कुछ समय पहले भोपाल चला गया था, जहां उसके पिता मजदूरी करते थे। वह अपने बड़े पिता के लड़के की शादी में शामिल होने के लिए परिवार सहित गांव आया था।

### पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की

बरोदिया नोनागिर चौकी प्रभारी मथुरा प्रसाद ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कुएं से बाहर निकाला गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की प्रतिमा लगवाने कांग्रेस ने की चरणबद्ध आंदोलन करने की घोषणा

**सागर**। भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गाँधी की प्रतिमा न्यू कैन्ट स्कूल के पास स्थित राजीव गाँधी पार्क में लगवानें को लेकर कांग्रेसजनों के द्वारा स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर लिये गये संकल्प को पूरा करनें और तय समय सीमा में स्व.राजीव गांधी की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सदर कैन्ट व युवा कांग्रेस नरयावली विधान सभा ने चरण वध्य आन्दोलन की घोषणा की हैं। शुक्रवार को पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी की उपस्थिति में चरणबद्ध आंदोलन की रूपरेखा तय की गई। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सदर कैन्ट के अध्यक्ष पं. रवि उमाहिया एवं युवा कांग्रेस नरयावली विधान सभा के अध्यक्ष रोहित वर्मा नें बताया कि स्व.राजीव गांधी की प्रतिमा छावनी परिषद क्षेत्र स्थित राजीव गांधी पार्क में लगवाने को लेकर चरणबद्ध आंदोलन की शुरुआत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सदर कैंट व युवा कांग्रेस नरयावली विधानसभा की संयुक्त बैठक के साथ होगी साथ ही चरणबद्ध आंदोलन के प्रथम चरण में छावनी परिषद के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर स्व.राजीव गांधी जी की प्रतिमा तय समय सीमा में लगवाने की मांग की जावेगी इसके साथ ही चरण वध्य आंदोलन में हस्ताक्षर अभियान,पोस्टकार्ड अभियान,जन समर्थन अभियान,पैदल मार्च,मशाल जुलूस,धरना प्रदर्शन आदि कार्यक्रम आयोजित किये जावेंगें।



### कांग्रेस ने मनाई राजीव गांधी की 35वीं पुण्यतिथि

**खुरई**। कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खुरई (शहर एवं ग्रामीण) के तत्वाधान में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गाँधी की 35वीं पुण्यतिथि पर राजीव चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। एवं इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए खुरई (शहर) ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एड. शाकिर खान ने राजीव गाँधी के जीवन पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालकर कहा की उनका देश के लिए योगदान एवं उनके द्वारा किए गए कार्य हमेशा हमारे दिलों में जीवित रहेंगे। उन्होंने भारत को आधुनिक तकनीकी युग में प्रवेश दिलाया और युवाओं को राजनीति में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उनके आदर्श और विरासत को याद करते हुए, आइए हम सब उनके दिखाए मार्ग पर चलें और उनके सपनों को साकार करने के लिए प्रयासरत रहें। इस अवसर पर ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष हरविंदर सिंह चावला ने कहा की राजीव गांधी को दो अहम फैसलों के लिए हमेशा याद किया जाएगा पहला महिलाओं को स्थानीय चुनावों में आरक्षण और दूसरा युवाओं को 18 वर्ष की उम्र में वोट देने का अधिकार जो राजीव जी की देन है जिसे कभी नही भुलाया नही जा सकता। कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी अमर रहे के नारे लगाकर उनके पद चिन्हो पर चलने का संकल्प लिया।

### प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं अन्य कार्यकर्ताओं पर दर्ज हुई एफआईआर को निरस्त करने के लिए राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**सागर**। मध्य प्रदेश आदिवासी कांग्रेस के आवाहन पर एवं जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण सागर के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मुहासा के मार्गदर्शन में आज कलेक्टर परिसर में राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में केन-बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित परिवारों को न्याय दिलाने, ओंकारेश्वर क्षेत्र में की जा रही तोड़फोड़ पर रोक लगाने तथा जीतू पटवारी सहित अन्य कार्यकर्ताओं पर दर्ज एफआईआर निरस्त करने की मांग की गई। आदिवासी कांग्रेस जिला अध्यक्ष दयाराम आदिवासी ने कहा कि गरीब, किसान, दलित एवं पिछड़े वर्गों की आवाज उठाने वाले जनप्रतिनिधियों, विशेषकर जीतू पटवारी एवं आंदोलनकारी नेता अमित भटनागर सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं पर वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है, जो लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति को बाधित करने जैसा प्रतीत होता है। उन्होंने मांग की कि उक्त एफआईआर तत्काल प्रभाव से निरस्त की जाए। आदिवासी कांग्रेस महिला जिला अध्यक्ष रिचा सिंह ने कहा कि खंडवा जिले की मांधाता विधानसभा अंतर्गत स्थित पवित्र तीर्थ ओंकारेश्वर एवं नर्मदा नदी तट के आसपास पीढ़ियों से निवासरत आदिवासी परिवारों तथा स्थानीय रहवासियों के मकानों पर प्रशासन द्वारा बिना विधिसम्मत नोटिस, बिना स्पष्ट कारण बताए तथा बिना सुनवाई का अवसर दिए बुलडोजर चलाकर की जा रही तोड़फोड़ की कार्रवाई अत्यंत अमानवीय एवं अन्यायपूर्ण है। यह कार्रवाई प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों तथा आदिवासी समुदाय के संवैधानिक एवं वैधानिक अधिकारों की अवहेलना प्रतीत होती है। सदियों से इस आस्था स्थल एवं नर्मदा तट से जुड़े परिवार आज भय, असुरक्षा एवं बेघर होने की स्थिति में खड़े कर दिए गए हैं।ग्रामीण संगठन मंत्री आशीष ज्योतिषी ने कहा कि दोनों प्रकरणों में उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कर वास्तविक प्रभावितों का पुनः सर्वे कराया जाए एवं जिम्मेदार अधिकारियों पर विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### खेलवृत्ति के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित अंतिम तिथि 31 तक

**सागर**। संचालनालय, खेल एवं युवा कल्याण म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार विगत वर्षो की भॉति इस वर्ष भी जिले के राज्य स्तर की अधिकृत प्रतियोगिताओं में प्रथम/द्वितीय/तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को शासन के नियमानुसार खेलवृत्ति प्रदाय की जावेगी। खेलवृत्ति हेतु आवेदक खिलाड़ी द्वारा अधिकृत खेलों में विगत वर्ष 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक मान्यता प्राप्त खेल संघों द्वारा आयोजित अधिकृत राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में प्रथम/द्वितीय/तृतीय स्थान प्राप्त किया हो तथा खिलाड़ी की आयु दिनॉक 01 अप्रैल 2026 को 19 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिऐ पात्र होंगे, ऐसे पात्र खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि नियम 2019 के नियम क्रमांक 08.1(च) के तहत खेल वृत्ति स्वीकृत की जाएगी।

**अविराज सिंह ने कहा स्वागत वही जो समाज के काम आए**

# पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह के स्वागत में मिले 8 कूलर व 5 व्हील चेयर जिला अस्पताल और बीएमसी को भेंट किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

स्वागत वही जो समाज के काम आए संकल्प के अनुसार पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के स्वागत में मिली जनोपयोगी सामग्री को उनके पुत्र युवा नेता अविराज सिंह ने आज जिला चिकित्सालय सागर और बुंदेलखंड मेडीकल कालेज को भेंट किया। उन्होंने 4 कूलर, 2 व्हील चेयर जिला चिकित्सालय तिली को तथा 4 कूलर और 3 व्हील चेयर बीएमसी को भेंट कि ताकि मरीजों के काम आ सकें।

इस अवसर पर अपने संक्षिप्त संबोधन में युवा भाजपा नेता अविराज सिंह ने कहा कि हम सभी जानते हैं अपने भूपेंद्र भैया ने 7 महीने पहले यह संकल्प लिया है कि वे अपना स्वागत फूल मालाओं, पुष्प गुच्छों से नहीं कराएंगे। फूल-मालाओं के विकल्प में वह अपना स्वागत ऐसी वस्तुओं से कराएंगे जो समाज के जरूरतमंदों के जीवन में काम आ पाए जिससे उन जरूरतमंदों के जीवन में सुधार हो सके। इस संकल्प के अनुसार पिछले 7 महीनों से अभी तक उनका स्वागत कॉपी पेन, पेंसिल,



नोटबुक, रजिस्टर, कूलर,पंखे, स्कूल यूनिफॉर्म, स्कूल बेग, वाटर बाटल आदि विद्यार्थियों और गरीब परिवारों के लिए उपयोगी सामग्री से ही किया जाता है। उन्होंने हमें संकल्प दिया ऐसा कार्य करो जो समाज की काम आ पाए। और इस 6 महीने से काम के समय में मैं और मेरे पिताजी ने 75 लाख रुपए की सामग्री विद्यार्थियों व जरूरत मंद परिवारों में वितरित की है। इस संकल्प के परिणाम स्वरूप ही आप देख पा रहे हैं यहां पर कूलर और व्हीलचेयर हमने समर्पित किया है। इस सामग्री के माध्यम से हजारों मरीजों की सहायता होगी।

अविराज सिंह ने कहा कि हमारी संस्कृति सेवा परमो धर्मः को मानती है। जब हम किसी जरूरतमंद की सहायता करते हैं तो यज्ञों के बराबर हमें पुण्य की प्राप्ति होती है। श्रीमद् भागवत गीता में भगवान श्री कृष्ण भी कहते हैं सेवा सबसे बड़ा पुण्य है और हमारा पुण्य ही धर्म है। भगवान श्री राम के रामराज्य के उदाहरण को भी हम जानते हैं। राम राज्य की स्थापना ईट या पत्थर से नहीं हुई थी बल्कि सेवा,न्याय, धैर्य, धर्म, और अनुशासन से हुईं थी। जीवन में जो कुछ भी है सेवा करने की भावना है और इसके अनुकूल ही आज यह कार्य संपन्न हुआ है।

कार्यक्रम में बीएमसी के डीन प्रमेंद्र सिंह ठाकुर, अधीक्षक राजेश जैन, डॉ एसपी सिंह सहअधीक्षक, डॉ अभय तिर्की, डॉक्टर मनीष जैन, डॉ अमर गंगवानी, डॉक्टर बृजभान अहिरवार, वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह, डायरेक्टर हॉस्पिटल आर एम ओ डाक्टर अभिषेक सिंह, अनुराग प्यासी, अजय तिवारी देवलचौरी, शुभम घोषी, नवीन भट्ट, नीरज ठाकुर, अंकित विश्वकर्मा, अजय जैन लम्बरदार, मोहित साहू, प्रतीक चौकसे, आशीष जोशी, प्रदीप पांडे, आशीष दुबे, अनिल सैनी, शुभम गोस्वामी श्रीयल तिवारी, आदित्य तिवारी, गोलू श्रीवास्तव एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



## कार्यालय नगर पालिक निगम सागर म.प्र.

क्र./नामा./रा.वि./न.नि./2026 -27 /1 91 **सूचना** सागर दिनांक 15/05/26

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम सीमा के अंतर्गत नीचे दिये गये भवनों/प्लाटों पर नाम दर्ज करने हेतु आवेदन-पत्र प्राप्त हुये हैं। अतः इस संबंध में जिन व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर आयुक्त नगर पालिक निगम, सागर के नाम प्रस्तुत कर सकते हैं।

| प्रकरण क्रमांक | वार्ड का नाम म.न./प्लाट | किस आधार पर | नाम बेचवार/वसीयतदाता/दानदाता/वंशानुक्रम द्वारा | जिस व्यक्ति का नाम दर्ज होना है |
|---|---|---|---|---|
| 191 26/27 | मधुकरशाह | मृत्यु-प्रमाण पत्र शपथ पत्र | स्व. नारायण सिंह पिता हरि सिंह पवार | सुनील, उषा, किरण, विद्या, विनोदनी, पुत्र/ पुत्री स्व. नारायण सिंह पवार ज्योति पति स्व. संजय एवं भूपेंद, अमन, ज्योति पुत्र/ पुत्री स्व. संजय पवार |
| 192 26/27 | शिवाजी | रजि. बैनामा शपथ पत्र | मदनलाल पिता स्व. जीवन लाल तिवारी | निशंक पिता महेंद्र जैन |
| 193 26/27 | शास्त्री | रजि. बैनामा शपथ पत्र | रामभरोसी पिता मुन्नालाल एवं राजकुमारी पति रामभरोसी साहू | देवयश पिता ऋषभ कुमार जैन |
| 194 26/27 | अम्बेडकर | मृत्यु-प्रमाण पत्र शपथ पत्र | सौरभ पिता रामचरण पटैल | चंद्रपाल एवं नारायण पिता रतिराम पटैल |
| 195 26/27 | रामपुरा | मृत्यु-प्रमाण पत्र शपथ पत्र | स्व. सुधीर पिता कन्हैयालाल शर्मा | नीलीमा पति स्व. सुधीर एवं अभिषेक, अनुराधा पिता स्व. सुधीर शर्मा |
| 196 26/27 | काकागंज | मृत्यु-प्रमाण पत्र शपथ पत्र | स्व. दशरथ पिता स्व. मल्ले कोरी | शांतिबाई पति स्व. दशरथ कोरी |
| 197 26/27 | वल्लभनगर | रजि बैनामा शपथ पत्र | संतोष कुमार पिता छैकोड़ी पटैल | लीलाबाई पति महादेव सिंह गौंड आदिवासी |
| 198 26/27 | परकोटा | मृत्यु-प्रमाण पत्र शपथ पत्र | स्व. प्रेमनारायण पिता स्व. बालमुकुंद श्रीवास्तव | दिनेश, मुकेश, बृजेश एवं संध्या सभी पिता स्व. प्रेमनारायण श्रीवास्तव |
| 199 26/27 | पन्तनगर | रजि बैनामा शपथ पत्र | अंकुर पिता दीपक कुमार श्रीवास्तव | निहाल पिता प्रेमनारायण तिवारी |
| 200 26/27 | अम्बेडकर | रजि बैनामा शपथ पत्र | मेसर्स चौधरी बिल्ड. एंड डेव्ल. द्वारा- दीपक पिता नवीन कुमार जैन एवं नीलेश पिता राजकुमार जैन | शीतल पति प्रवीण गुप्ता |

**आयुक्त , नगर पालिक निगम, सागर**

## खबर संक्षेप

### प्रताड़ना से परेशान युवक ने फांसी लगाई

**ललितपुर।** कोतवाली महरौनी क्षेत्र के ग्राम सिंदवाहा में मानसिक उत्पीडऩ और लगातार मिल रही धमकियों से परेशान एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने एक महिला सहित तीन लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिंदवाहा निवासी प्रीतम कुशवाहा पुत्र देवी ने बताया कि 11 मई 2026 को उनके घर में शादी समारोह आयोजित था। इसी दौरान गांव निवासी भागीरथ कुशवाहा का रिश्तेदार म.प्र. जिला सागर के ग्राम कनेरा निवासी राहुल उर्फ विवेक पुत्र दशरथ कुशवाहा समारोह में आया हुआ था। आरोप है कि राहुल उनकी नाबालिग भतीजी को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद भागीरथ कुशवाहा, उसकी पत्नी सीमा तथा राहुल के पिता दशरथ लगातार रमेश पर केस वापस लेने का दबाव बना रहे थे और उसे धमकियां देकर मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। आहत होकर रमेश कुशवाहा 18 मई को घर से निकला और गांव के पास स्थित एक बगीचे में बेल के पेड़ से रस्सी के फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली।

### युवती की फोटो वायरल करने का आरोप

**ललितपुर।** सोशल मीडिया के जरिए महिलाओं और युवतियों को बदनाम करने के मामलों पर ललितपुर पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए एक युवक के खिलाफ आईटी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र की एक युवती ने आरोप लगाया है कि युवक ने उसकी फोटो फेसबुक पर पोस्ट कर उसकी सामाजिक छवि धूमिल करने और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का प्रयास किया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर साइबर जांच शुरू कर दी है। युवती ने तहरीर में बताया कि थाना सौजना क्षेत्र के ग्राम गौना निवासी कप्तान राजा बुन्देला उर्फ कप्तान सिंह बुंदेला उसे लंबे समय से परेशान कर रहा है। आरोपी ने कथित रूप से उसकी फोटो अपनी फेसबुक आईडी कुं.कप्तान सिंह बुंदेला पर पोस्ट कर दी, जिससे उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी सोशल मीडिया पर आए दिन अभद्र और आपत्तिजनक गतिविधियां करता रहता है। फेसबुक पर फोटो पोस्ट किए जाने के बाद गांव और समाज में उसकी बदनामी हुई है, जिससे वह मानसिक तनाव में है। युवती ने पुलिस को दी गई शिकायत में यह भी आशंका जताई है कि यदि भविष्य में उसके साथ कोई अप्रिय घटना या अनहोनी होती है तो उसका जिम्मेदार केवल आरोपी कप्तान राजा बुन्देला होगा।

### खेत के बाड़े से 3 भैंसों समेत 5 मवेशी चोरी

**ललितपुर।** थाना नाराहट क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर में किसान के खेत पर बने बाड़े से लाखों रुपये कीमत के मवेशी चोरी होने का मामला सामने आया है। ग्राम दौलतपुर निवासी राजनसिंह पुत्र शिवराज सिंह यादव ने तहरीर में बताया कि 17 मई की रात उनके खेत पर बने बाड़े से चोर तीन भैंसें, एक पड़वा और एक पडिय़ा चोरी कर ले गए। घटना के समय सभी मवेशी बाड़े में बंधे हुए थे। सुबह जानकारी होने पर पीड़ित ने काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पीड़ित द्वारा की गई खोजबीन में यह बात सामने आई कि उत्तमधाना निवासी रामजी कुशवाहा निवासी फूलबाग एवं अरबाज अपने अन्य साथियों के साथ दिन में गांवों में घूमकर किसानों के बाड़ों की रेकी करते हैं और रात के समय गाड़ी में मवेशियों को लादकर चोरी कर ले जाते हैं। आरोप लगाया गया है कि चोरी किए गए पशुओं को ललितपुर कोतवाली क्षेत्र के मैलवाराकलां निवासी महेंद्र राजा को सौंपा जाता है। इसके बाद वह उन्हें झांसी निवासी पिस्टन नामक व्यक्ति तक पहुंचाता है, जहां से पशुओं को अन्य स्थानों पर खपाया जाता है। पुलिस इसे अंतर्राज्यीय पशु चोरी गिरोह से जोड़कर जांच कर रही है। मामले में थाना नाराहट पुलिस ने रामजी कुशवाहा पुत्र शिवलाल, अरबाज पुत्र आजाद, महेंद्र राजा तथा पिस्टन समेत 3-4 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### जलभराव की गंभीर समस्या से निपटने के लिए प्रयास शुरू

# बरसात से पहले एक्शन मोड में नपा, शहर में तेज हुए नाला निर्माण और विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर



आगामी बरसात में शहरवासियों को जलभराव की समस्या से राहत दिलाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद द्वारा विभिन्न वार्डों में नाला निर्माण एवं विकास कार्य तेज गति से कराए जा रहे हैं। गुरुवार को वार्ड नंबर 19 स्थित मोहल्ला नझाई बाजार में मां कर्मा बाई पार्क से जल संस्थान की ओर बनने वाले नाले का विधि-विधान एवं पूजा-अर्चना के साथ भूमि पूजन किया गया। नपाध्यक्ष सोनाली जैन एवं वार्ड पार्षद आलोक जैन मयूर ने संयुक्त रूप से निर्माण कार्य का शुभारंभ कराया।

नपाध्यक्ष ने कहा कि बरसात के समय शहर के कई इलाकों में जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाती है, जिससे लोगों के घरों तक पानी पहुंच जाता है और आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इन्हीं समस्याओं को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका द्वारा जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करने के लिए विभिन्न वार्डों में नाला निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मां कर्मा बाई पार्क से जल संस्थान तक बनने वाला नाला क्षेत्र की जलनिकासी व्यवस्था को बेहतर बनाएगा और स्थानीय नागरिकों को राहत मिलेगी। साथ ही संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदारों को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने वार्ड नंबर 06 रामनगर में चल रहे नाला निर्माण कार्य, नव निर्मित सड़कों तथा कल्याण सिंह सभागार परिसर में बनाए गए महिला एवं पुरुष शौचालयों का भी स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रामनगर ऑडिटोरियम के पीछे निर्माणाधीन नाले का जायजा लेते हुए स्थानीय नागरिकों से संवाद किया। मोहल्लेवासियों ने बताया कि वर्षों से नाला निर्माण न होने के कारण बरसात में घरों में पानी भर जाता था, लेकिन अब निर्माण कार्य शुरू होने से लोगों को राहत मिलने की उम्मीद जगी है। इसके बाद अध्यक्ष ने गल्ला मंडी के सामने स्थित कॉलोनी में नव निर्मित सड़कों का निरीक्षण किया। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि पहले सड़कें न होने से कीचड़ और जलभराव के बीच आवागमन करना पड़ता था, लेकिन अब नई सड़कों के निर्माण से आवागमन सुगम और सुरक्षित हो गया है। निरीक्षण के दौरान एक महिला द्वारा सड़क निर्माण एवं जलभराव की समस्या बताने पर अध्यक्ष स्वयं उसके घर पहुंचीं और मौके पर निरीक्षण कर बरसात से पहले समस्या के समाधान का भरोसा दिलाया। साथ ही संबंधित सफाई निरीक्षक को वार्ड में साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए गए। नगर पालिका द्वारा वर्तमान में वार्ड नंबर 06 रामनगर और वार्ड नंबर 12 आजादपुरा में भी नाला निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा है, ताकि बरसात से पहले शहर को जलभराव की समस्या से काफी हद तक मुक्त किया जा सके। इस दौरान अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा, अध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल जैन, पार्षद प्रतिनिधि अमरदीप रजक, अवर अभियंता निधि पाण्डेय, विवेक जैन (जिमी), महेन्द्र सिंह यादव, राजदीप राजा, रितिक कटारे, बद्री कुशवाहा, मोहसिन खान, नसीर खान सहित नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### किराएदार बनकर आया ठग

## मेडिकल कॉलेज में नौकरी का झांसा देकर वृद्धा से 8.23 लाख की ठगी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

शहर के मोहल्ला आजादपुरा तुवन टीला में किरायेदार बनकर रह रहे एक युवक द्वारा वृद्ध महिला से लाखों रुपये की धोखाधड़ी किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपी ने पहले फर्जी पहचान बताकर मकान में कमरा किराये पर लिया, फिर खुद को मेडिकल कॉलेज का कर्मचारी बताकर महिला के बेटे को नौकरी दिलाने का झांसा दिया और धीरे-धीरे करीब 8 लाख 23 हजार की रकम हड़प ली।

पीड़िता की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आजादपुरा तुवन टीला निवासी 60 वर्षीय भगवती चौरसिया पत्नी रामसेवक चौरसिया ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि करीब पांच माह पूर्व एक युवक उनके घर किरायेदार बनकर रहने आया था। उसने अपना नाम इटावा निवासी सौरभ राजपूत पुत्र राजेश कुमार राजपूत बताया था। आरोपी ने विश्वास जीतने के बाद परिवार से नजदीकी बढ़ा ली। पीड़िता के अनुसार एक दिन उन्होंने आरोपी से अपना आधार कार्ड अपडेट कराने की बात कही, जिस पर उसने मदद करने के बहाने आधार कार्ड अपने पास रख लिया। इसी दौरान आरोपी ने खुद को अमरपुर मेडिकल कॉलेज में कार्यरत लैब टेक्नीशियन बताते हुए उनके बेटे की नौकरी लगवाने का भरोसा दिलाया। नौकरी के नाम पर उसने महिला से विभिन्न किश्तों में रुपये मांगे। झांसे में आई वृद्ध महिला ने आरोपी को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के करीब 3 लाख 30 हजार के पांच अलग-अलग चेक सौंप दिए। इसके बाद आरोपी ने बैंक खातों की जानकारी और दस्तावेजों का दुरुपयोग करते हुए महिला के स्टेट बैंक और पंजाब नेशनल बैंक खातों से करीब 4 लाख 93 हजार की अतिरिक्त रकम भी निकाल ली। पीड़िता ने बताया कि यह पूरी रकम उन्होंने अपनी बेटी निधि चौरसिया की शादी के लिए वर्षों से जमा कर रखी थी। जब लंबे समय तक नौकरी नहीं लगी और आरोपी टालमटोल करने लगा तो परिवार को शक हुआ। जांच-पड़ताल के दौरान आरोपी के पास मिले आधार कार्ड से उसके असली नाम का खुलासा हुआ। पता चला कि आरोपी का वास्तविक नाम इटावा के थाना बसरेहर अंतर्गत ग्राम असानन्दपुर निवासी चन्दकीराम पुत्र अचम्भेलाल है। आरोपी ने मकान मालिक और पुलिस को गुमराह करने के लिए फर्जी नाम सौरभ राजपूत का इस्तेमाल किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि साइबर सेल की मदद से आरोपी की तलाश की जा रही है।

### आधी रात को खनिज विभाग ने छापामारा कार्रवाई की

## लाल मुरुम का अवैध खनन पकड़ा, जेसीबी डंपर सीजकर ग्राम प्रधान पर एफआईआर की

**4200 घन मीटर लाल मौरम और 1050 घन मीटर मिट्टी का अवैध उत्खनन उजागर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

जिले में अवैध खनन माफियाओं के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आधी रात संयुक्त छापेमारी में लाल मौरम और साधारण मिट्टी के बड़े अवैध खनन का भंडाफोड़ किया है। खनिज विभाग, राजस्व, पुलिस और परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नैगांयकलां में छापा मारकर बिना अनुमति चल रहे खनन कार्य को पकड़ा। मौके से एक बिना नंबर की जेसीबी मशीन और एक डंपर को जब्त कर सीज कर दिया गया है। खान अधिकारी की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ चोरी और अवैध खनन का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जिले में पिछले कई दिनों से ग्राम बुढ़वार और नैगांय कलां क्षेत्र में अवैध खनन की शिकायतें सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से लगातार प्रशासन तक पहुंच रही थीं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए खान अधिकारी अमितोष वर्मा के नेतृत्व में 18 मई की देर रात खनिज विभाग, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग और परिवहन विभाग की संयुक्त टीम गठित कर क्षेत्र में निरीक्षण किया गया। संयुक्त टीम जब ग्राम नैगांय कलां स्थित गाटा संख्या 761 पर पहुंची तो वहां बड़े पैमाने पर चोरी-छिपे लाल मौरम और साधारण मिट्टी का अवैध उत्खनन एवं परिवहन होता मिला। प्रशासनिक टीम को देखकर मौके पर अफरा-तफरी मच गई। अधिकारियों ने मौके की पैमाइश कराई, जिसमें खुलासा हुआ कि खनन माफियाओं द्वारा करीब 4200 घन मीटर लाल मुरुम और 1050 घन मीटर साधारण मिट्टी का अवैध खनन कर उसे ठिकाने लगाया जा चुका था। इससे सरकार को लाखों रुपये के राजस्व और रायल्टी का नुकसान पहुंचाया गया। छापेमारी के दौरान अधिकारियों ने मौके से एक बिना नंबर की जेसीबी मशीन और डंपर कब्जे में ले लिया। दोनों वाहनों को तत्काल प्रभाव से पुलिस अभिरक्षा में सुपुर्द कर सीज कर दिया गया। पूछताछ में चालकों ने बताया कि पूरा अवैध खनन कार्य कुआंतला के वर्तमान ग्राम प्रधान विजय सिंह राजपूत पुत्र प्रताप सिंह द्वारा कराया जा रहा था। मौके पर खनन संबंधी कोई वैध परमिट, पट्टा या अनुमति पत्र प्रस्तुत नहीं किया जा सका। खनन विभाग की तहरीर पर कोतवाली ललितपुर पुलिस ने आरोपी कुआंतला ग्राम प्रधान विजय सिंह राजपूत के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। मामले की जांच उपनिरीक्षक अंकित कौशिक को सौंपी गई है। प्रशासन का कहना है कि जनपद में अवैध खनन के खिलाफ आगे भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाने वाले खनन माफियाओं के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्रवाई जारी रहेगी और पकड़े जाने पर वाहन सीज करने के साथ कठोर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### नलों और पाइपलाइनों के से गंदा व मटमैला पानी सप्लाई हो रहा

## दूषित व बदबूदार पेयजल आपूर्ति की जिलाधिकारी से शिकायत कर लोगों ने समाधान की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर



शहर में पेयजल आपूर्ति में आ रहे दूषित एवं बदबूदार पानी को लेकर स्थानीय नागरिकों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि पिछले कुछ समय से नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सरकारी नलों और पाइपलाइनों के माध्यम से गंदा एवं मटमैला पानी सप्लाई हो रहा है, जिससे लोगों में भारी रोष व्याप्त है। शिकायत पत्र में बताया गया कि कई मोहल्लों में पानी अत्यधिक दूषित, मटमैला और बदबूदार आ रहा है। नागरिकों ने आशंका जताई है कि इस दूषित पानी के सेवन से बच्चों और बुजुर्गों में टाइफाइड, पीलिया, डायरिया तथा पेट संबंधी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। इसके साथ ही घरेलू उपयोग में भी लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों ने आरोप लगाया कि मुख्य पेयजल पाइप लाइन में कहीं लीकेज या सीवर/नालियों का गंदा पानी मिल जाने के कारण यह समस्या उत्पन्न हो रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि जल आपूर्ति लाइनों की तत्काल जांच कराकर दोष दूर कराया जाए। शिकायतकर्ताओं ने मांग की कि जल शुद्धिकरण संयंत्रों में क्लोरीनेशन एवं सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाए तथा जब तक पाइपलाइन पूरी तरह ठीक न हो जाए, तब तक प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि यह समस्या जनस्वास्थ्य से जुड़ी हुई है, इसलिए प्रशासन को तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करनी चाहिए ताकि लोगों को स्वच्छ पेयजल मिल सके और बीमारियों की आशंका समाप्त हो।

### टीबी मरीजों की जांच पर जोर

## सौ दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत बांटी जा रहीं पोषण पोटलियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

क्षयरोग उन्मूलन को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा 100 दिवसीय विशेष टीबी खोज अभियान का द्वितीय चरण 24 मार्च से संचालित किया जा रहा है। शासन की मंशानुसार सीएमओ के निर्देशन में चल रहे इस अभियान के तहत टीबी मरीजों की पहचान, जांच, उपचार एवं पोषण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। जिला क्षयरोग अधिकारी डा.रामनरेश सोनी ने बताया कि टीबी मरीजों के पोषण स्तर को बेहतर बनाने एवं उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से पोषण पोटली एवं पोषण किट का वितरण किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि टीबी एक पूर्णतः इलाज योग्य बीमारी है, बशर्ते मरीज नियमित रूप से दवा लें और उचित पोषण प्राप्त करें। पोषण पोटली जैसी पहल मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा निक्षय मित्र योजना भी संचालित की जा रही है, जिसके अंतर्गत आमजन, अधिकारी एवं समाजसेवी संगठन टीबी मरीजों को गोद लेकर उनके पोषण एवं उपचार में सहयोग कर सकते हैं। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि निःक्षय मित्र बनकर क्षयरोगियों की सहायता करें और समाज में जागरूकता फैलाएं। डा.रामनरेश सोनी ने बताया कि अभियान के अंतर्गत जनपद में उच्च जोखिम वाली आबादी की विशेष स्क्रीनिंग की जा रही है। इसमें 60 वर्ष से अधिक आयु के लोग, कुपोषित व्यक्ति, टीबी रोगियों के संपर्क में रहने वाले लोग, डायबिटीज एवं एचआईवी से ग्रसित मरीज तथा धूम्रपान और शराब का सेवन करने वाले व्यक्तियों को शामिल किया गया है। हाई रिस्क ग्रामों में स्क्रीनिंग के बाद जरूरतमंद लोगों के एक्स-रे, जांच एवं उपचार की भी व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि टीबी के प्रमुख लक्षणों में दो सप्ताह से अधिक समय तक खांसी रहना, लगातार बलगम आना, बलगम में खून आना, वजन कम होना, बुखार, सीने में दर्द, रात में पसीना आना, अत्यधिक थकान एवं शरीर में गांठ होना शामिल हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत जांच करानी चाहिए। जिला क्षयरोग अधिकारी ने कहा कि जनपद के सभी सरकारी चिकित्सालयों में टीबी की जांच एवं उपचार निःशुल्क उपलब्ध है। किसी भी व्यक्ति में टीबी के लक्षण दिखाई देने पर बिना देर किए नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचकर जांच अवश्य करानी चाहिए।

## नौकरी से निकाले जाने पर मेडिकल कॉलेज की महिला एचओडी को जान से मारने की धमकी

**ललितपुर।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में पैथोलॉजी विभाग की महिला विभागाध्यक्ष को जान से मारने की धमकी देने और लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का गंभीर मामला सामने आया है।

मेडिकल कॉलेज की आचार्य एवं विभागाध्यक्ष डा.श्रुति सिंह की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने एक पूर्व आउटसोर्सिंग कर्मचारी के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी पर आरोप है कि नौकरी से निकाले जाने के बाद वह महिला डॉक्टर पर नौकरी बहाल कराने का दबाव बना रहा था और मना करने पर झूठे आरोपों में फंसाने व हत्या की धमकी दे रहा था। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के पैथोलॉजी विभाग में कार्यरत आचार्य एवं विभागाध्यक्ष डा. श्रुति सिंह (49 वर्ष) पुत्री नत्थू सिंह ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि आरोपी ग्राम बैरवारा निवासी शैलेन्द्र यादव पीओसीटी कंपनी के माध्यम से आउटसोर्सिंग कर्मचारी के रूप में पैथोलॉजी विभाग में तैनात था। ड्यूटी के दौरान उसके खिलाफ लगातार शिकायतें मिल रही थीं। आरोप है कि वह ड्यूटी पर नशा करता था, जिसके चलते कंपनी ने उसकी सेवाएं समाप्त कर दी थीं। महिला विभागाध्यक्ष के अनुसार नौकरी जाने के बाद आरोपी बौखला गया और उसने उन्हें प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। आरोपी लगातार अलग-अलग मोबाइल नंबरों से फोन कर दबाव बना रहा है कि उसकी दोबारा नौकरी लगवाई जाए। आरोपी कथित तौर पर धमकी दे रहा है कि यदि नौकरी वापस नहीं मिली तो वह डा. श्रुति सिंह को मेडिकल कॉलेज में नौकरी नहीं करने देगा और उन पर रुपये लेने जैसे झूठे आरोप लगाकर शिकायत करेगा। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी है। इतना ही नहीं, मेडिकल कॉलेज के अन्य कर्मचारियों से भी वह कह रहा है कि अगर उसकी नौकरी बहाल नहीं हुई तो वह कॉलेज के एक-दो लोगों को मार देगा। डा.श्रुति सिंह ने प्रतिलिपि पुलिस अधीक्षक, मेडिकल कॉलेज प्रधानाचार्य, सीएमएस तथा महिला आयोग को भी भेजी है। कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया




**ललितपुर।** जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सत्य प्रकाश ने बुधवार को विकास भवन परिसर स्थित ईवीएम वेयरहाउस का मासिक बाह्य निरीक्षण किया।

इस दौरान जिले के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। निरीक्षण भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संपन्न कराया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा बताया गया कि ईवीएम भंडार कक्ष में सभी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को विधानसभावार सुरक्षित तरीके से रखा गया है। वेयरहाउस में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं तथा पूरे परिसर की निगरानी सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लगातार की जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी सत्य प्रकाश ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप ईवीएम वेयरहाउस की सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह दुरुस्त रखी जाएं तथा सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान निर्वाचन कार्यालय के प्रधान सहायक धर्मेन्द्र मौर्य, चकबंदी कार्यालय एवं निर्वाचन कार्यालय के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं विभिन्न राजनीतिक दलों की ओर से आप जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड., बसपा से अनेक सिंह राजपूत एवं संजय चौधरी, इंडियन नेशनल कांग्रेस के जसपाल सिंह व राजा राजपाल सिंह तथा समाजवादी पार्टी से प्रमोद इमलिया सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### कार्यकर्ताओं ने बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया

## आधुनिक भारत के निर्माता राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर




भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि गुरुवार को ललितपुर में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दो मिनट का मौन रखकर की गई। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। नगराध्यक्ष रामनरेश दुबे ने कहा कि राजीव गांधी ने देश को आधुनिक युग की ओर अग्रसर करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

उन्होंने सूचना प्रौद्योगिकी, कम्प्यूटर क्रांति और पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत कर भारत के विकास की नई दिशा तय की। उनका जीवन देश सेवा और युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित रहा। मनरेगा बचाओ संघर्ष समिति जिला प्रभारी जसपाल सिंह ने कहा कि राजीव गांधी गरीब, किसान और मजदूर वर्ग के सच्चे हितैषी थे। उन्होंने गांवों के विकास और रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने भारत को 21वीं सदी की ओर ले जाने के लिए साहसिक निर्णय लिए, जिनमें कम्प्यूटर युग की शुरुआत सबसे महत्वपूर्ण रही। आज भारत का सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर क्षेत्र में विश्व बाजार में जो दबदबा है, उसमें उनकी दूरदर्शी नीतियों का बड़ा योगदान है। बैठक में जिला उपाध्यक्ष मोहन सिंह चन्देल, महासचिव शशिकांत दीक्षित, नेहा तिवारी, जिला उपाध्यक्ष राजा राजपाल सिंह, बृजेश शांडिल्य, हीरालाल सेन, सूर्या राजा, पवन विश्वकर्मा, बॉबी राजा, रफीक अली, सुनील अहिरवार, महेश रजक, गजेन्द्र सिंह, रघुवीर सिंह, सोहन सिंह, चीकू पठान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन एवं आभार पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश रजक ने व्यक्त किया।

## महिला द्रोपदी बाई की हत्या के मामले में पुलिस तीसरे दिन भी खाली हाथ

# महिला की हत्या से आक्रोशित गुर्जर समाज के लोगों ने घेरा कराहल थाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

कराहल कस्बे की चार खंभा गुर्जर बस्ती में मंगलवार-बुधवार की रात को महिला द्रोपदी बाई की धारदार हथियार से गला रेतकर की गई निर्मम हत्या के मामले में पुलिस तीसरे दिन भी कोई सुराग हांसिल नहीं कर पाई है। महिला की हत्या करने वाले आरोपियों का तीन दिन बाद भी कोई सुराग नहीं मिलने से आक्रोशित गुर्जर समाज के लोगो ने शुक्रवार की सुबह कराहल थाने का घेराव किया और कराहल थाना प्रभारी को हटाए जाने के साथही हत्यारोपियों को जल्द गिरफ्तार किए जाने की मांग जोरदारी से उठाई। स्थिति को देखते हुए बडी संख्या में कराहल थाने पर पुलिस फोर्स तैनात किया गया।

कराहल थाने का करीब ढाई घंटे तक घेराव करके बैठे रहे गुर्जर समाज के लोगो ने पुलिस पर निषक्रियता का आरोप लगाते हुए कहा कि गुर्जर समाज के लोगो की हत्या पर हत्या हो रही है और पुलिस हत्या करने वाले आरोपियों को पकडने के बजाए हाथ पर हाथ धरकर बैठी नजर आ रही है। पुलिस की इस कार्रवाई से पूरे समाज में आक्रोश व्याप्त हो गया है। हालांकि एसडीओपी अवनीत शर्मा ने घेराव करने वाले प्रदर्शनकारी लोगो से चर्चा करते हुए उन्हें मामले का खुलासा जल्द किए जाने का आश्वासन दिया,लेकिन प्रदर्शनकारी अड गए कि अब हम यहां से तभी उठेगे,जब एसपी साहब यहां आकर हमसे चर्चा करेंगे। बाद में धरना रहे लोग एसडीओपी की एक प्रतिनिधी मंडल के रूप में श्योपुर जाकर एसपी से मुलाकात करने की समझाइस पर पर मान गए। इसके बाद गुर्जर समाज का 11 सदस्यीय प्रतिनिधी मंडल एसडीओपी के साथ एसपी से मुलाकात करने के लिए एसपी कार्यालय पहुंचा। एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल से मुलाकात करते हुए प्रतिनिधी मंडल में शामिल लोगो ने एसपी को अवगत कराया कि जिस तरह गुर्जर समाज के लोगों पर हमले हो रहे है,उसे पूरे समाज के लोगो में दहशत की स्थिति बन गई है। इसलिए आरोपियों का जल्द पताकर उन्हें अरेस्ट किया जाए। इस दौरान एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल ने प्रतिनिधी मंडल को भरोसा दिलाया कि पुलिस पूरी गंभीरता से मामले की जांच में जुटी है। जल्द ही इस हत्याकांड का खुलासा कर आरोपियों को सलाखो के पीछे पहुंचा दिया जाएगा। उधर एसपी द्वारा गठित पुलिस टीम इस मामले को खुलासे को लेकर कार्रवाई करने मे जुटी हुई है।



### तीन दिन में नहीं हुआ खुलासा तो सड़क पर उतरेगा गुर्जर समाज

एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल से मुलाकात करने पहुंचे गुर्जर समाज के प्रतिनिधी मंडल को एसपी ने तीन दिन में इस हत्याकांड का खुलासा करने को भरोसा दिलाया है। एसपी के इस आश्वासन पर गुर्जर समाज का प्रतिनिधी मंडल मान गया है,लेकिन उन्होने इस बात की चेतावनी भी पुलिस अधीक्षक को दे दी कि तीन दिन में खुलास नहीं हुआ तो गुर्जर समाज चुप नहीं बैठेगा और कराहल में सडक पर उतरकर चक्काजाम करेगा।

### अब भी चुप रहे तो फिर होगी किसी गुर्जर की हत्या

कराहल थाने का घेराव करने के दौरान अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के जिलाध्यक्ष देवीशंकर गुर्जर ढोटी सहित अन्य कई गुर्जर समाज के लोगो ने पुलिस पर निषक्रियता के आरोप लगाते हुए कहा कि चार खंभा गुर्जर बस्ती कराहल थाने से 100 मीटर की दूरी पर स्थित है। लेकिन इसके बाद भी महिनेभर के भीतर इस गुर्जर बस्ती में तीन लोगो पर हमले की घटना हो चुकी है। जिसमें महिला द्रोपदी की जान चली गई और समाज का एक व्यक्ति गंभीर हालत में कोटा में इलाज करवा रहा है। आक्रोशित लोगो ने कहा कि पुलिस प्रशासन हमसे शांत होने की बात कह रहा है,लेकिन अब हम अभी भी शांत बैठे रहे तो आगे गुर्जर समाज के किसी व्यक्ति पर फिर हमला होना और उसकी जान जाना तय है।

### आंदोलन करेंगे

एसपी साहब ने इस हत्याकांड को खुलासा तीन दिन में करने का भरोसा दिया है। इसलिए हमने तीन दिन के लिए आंदोलन को स्थगित कर दिया है। यदि पुलिस तीन दिन के भीतर हत्या के आरोपियों को पकड नहीं पाती है तो गुर्जर महासभा के बैनर तले गुर्जर समाज के लोग कराहल में थाने के सामने सडक पर उतरकर चक्काजाम करेंगे।

**देवीशंकर गुर्जर**
**जिलाध्यक्ष अखिल भारतीय गुर्जर महासभा श्योपुर**

## भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष ने लगाया आरोप, कलेक्टर से की शिकायत


# नशाखोरी और असामाजिक गतिविधियों का केंद्र बन गया जिला अस्पताल का कैंटीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिला अस्पताल परिसर में संचालित कैंटीन पर न केवल नियम विरुद्ध तरीके से मादक पदार्थो का विक्रय किया जा रहा है,बल्कि यह कैंटीन अवैध कब्जा और असामाजिक गतिविधियों का केन्द्र भी बन गया है। यह आरोप भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल ने लगाते हुए कलेक्टर शीला दाहिमा से इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है।

कलेक्टर शीला दाहिमा के साथही सीएमएचओ डॉ डीएस सिकरवार तथा सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल को भेजी शिकायत में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल ने बताया है कि कैंटीन संचालक द्वारा अस्पताल परिसर जैसे संवेदनशील एवं सार्वजनिक स्थान पर खुलेआम बीड़ी, सिगरेट, गुटखा, तंबाकू एवं अन्य मादक पदार्थों का विक्रय किया जा रहा है, जो पूर्णतः प्रतिबंधित एवं कानूनन अपराध की श्रेणी में आता है। शिकायत में बताया है कि रात्रि 1100 बजे के बाद शहर की अधिकांश दुकानें बंद हो जाने पर बड़ी संख्या में युवक एवं असामाजिक तत्व अस्पताल परिसर स्थित कैंटीन पर एकत्रित होकर धूम्रपान एवं तंबाकू सेवन करते हैं। इससे अस्पताल परिसर का वातावरण दूषित हो रहा है तथा मरीजों, महिलाओं एवं उनके परिजनों की सुरक्षा पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़े हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त अस्पताल परिसर में मरीजों एवं उनके परिजनों की सुविधा हेतु निर्मित रैन बसेरा पर भी कैंटीन संचालक द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया गया है। मंगल का आरोप है कि उक्त रैन बसेरा का उपयोग निजी कार्यों एवं अनैतिक गतिविधियों के लिए किया जा रहा है, जिससे आमजन में भारी आक्रोश व्याप्त है। यह अत्यंत गंभीर एवं जांच का विषय है। अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की निष्पक्ष जांच कर समस्त गतिविधियों की सच्चाई सामने लाई जा सकती है। उन्होने जनहित, मरीजों की सुरक्षा एवं अस्पताल परिसर की गरिमा को ध्यान में रखते हुए इस मामले में तत्काल सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

इस संबंध में एडीएम रूपेश उपाध्याय का कहना है कि इस मामले को दिखवाते हुए कार्रवाई की जाएगी।



# गोलीपुरा में पति-पत्नी के बीच हुआ विवाद, चले लाठी डंडे, क्रॉस केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विजयपुर थाना क्षेत्र के गांव गोलीपुरा में पति पत्नी के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना तगडा हुआ कि दोनो के बीच लाठी डंडे तक चल गए। इस दौरान दोनो घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए विजयपुर अस्पताल में दाखिल कराया गया। पुलिस ने इस मामले में क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है।

विजयपुर थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम गोलीपुरा निवासी शिवराज कुशवाह और पपीता कुशवाह आपस में पति पत्नी है। लेकिन यह दोनो एक साथ नहीं रहते है। बुधवार को महिला पपीता कुशवाह गोलीपुरा लौटी तो पति शिवराज कुशवाह और उसके बीच साथ में रहने की बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद के दौरान दोनो के बीच लाठी डंडे चल गए। जिसमें दोनो जख्मी हो गए। इस मामले में विजयपुर थाना पुलिस ने महिला पपीता पत्नी शिवराज कुशवाह की रिपोर्ट पर उसके पति शिवराज कुशवाह, ससुर रघुनाथ कुशवाह तथा राजकिशोर, माखन के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। वहीं शिवराज कुशवाह पुत्र रघुनाथ कुशवाह की रिपोर्ट पर पपीता कुशवाह तथा देवेन्द्र कुशवाह के खिलाफ क्रॉस मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।




# भाजपा का जिला प्रशिक्षण वर्ग आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर के पाली रोड़ स्थित राधिका विलास पैलेस में शनिवार से दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन शुरू होगा जो रविवार को सम्पन्न होगा। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में मप्र विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर मौजूद रहेंगे जो भाजपा के इतिहास एवं विकास विषय पर अपना सम्बोधन देंगे। इसके साथ ही उद्घाटन समारोह में क्षेत्रीय सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, वन विकास निगम के अध्यक्ष रामनिवास रावत भी उपस्थित रहेंगे।

भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण ने बताया कि पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में विभिन्न सत्रो का आयोजन किया गया है जिसमें विषय वक्ता के रूप में प्रदेश कार्यालय से नामांकित प्रदेश पदाधिकारी अपना सत्र लेंगे। प्रथम दिवस पंजीयन, औपचारिक उद्घाटन के साथ मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर भाजपा के इतिहास एवं विकास विषय पर मार्गदर्शन देंगे, इसके पश्चात क्रमवार सत्रो की शुरूआत होगी जिसमें मीडिया एवं सोशल मीडिया विषय पर घनश्याम पिरोनिया, आयुष शर्मा मार्गदर्शन देंगे। प्रशिक्षण वर्ग के समापन सत्र में महेंद्र यादव द्वारा कार्य विस्तार पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया जाएगा। कार्यक्रम का समापन डिजिटल प्रश्नोत्तरी एवं राष्ट्रगान के साथ होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष भूषण ने पार्टी के सभी दायित्ववान कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधियों से इस प्रशिक्षण वर्ग में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति का अनुरोध किया है।

### विषय वक्ता लेंगे सत्र

भाजपा जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग में मीडिया एवं सोशल मीडिया पर घनश्याम फिरौनिया व आयुष शर्मा मार्गदर्शन देंगे, वहीं कार्यपद्धति विषय पर अनुप भदौरिया, देश के समक्ष चुनौतियां विषय पर केशव सिंह भदौरिया, गरीब कल्याणकारी योजनाएं पर श्रीमती संध्या राय, कार्यकर्ता विकास, संभाल एवं दायित्व बोध पर अभय चौधरी, विचार परिवार विषय पर राजेश सोलंकी, व्यवहारिक प्रशिक्षण सत्र दीपक भदौरिया द्वारा सत्र लिया जायेगा, इसके पश्चात द्वितीय दिवस प्रदेश सरकार की उपलब्धियां विषय पर राकेश शुक्ला, वैचारिक अधिष्ठान पर निशांत खरे, बूथ प्रबंधन एवं 'मन की बात विषय पर नितेश शर्मा प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।

## मलेरिया नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए ग्रामों का भ्रमण

श्योपुर। कलेक्टर शीला दाहिमा के मार्गदर्शन एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. एसएन बिन्दल के निर्देशन में मलेरिया नियंत्रण एवं जन-जागरूकता गतिविधियों के अंतर्गत बड़ौदा एवं कराहल के विभिन्न ग्रामों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा भ्रमण एवं समीक्षा कार्य किया गया। बड़ौदा में एमटीएस अरविन्द गर्ग द्वारा ग्राम प्रेमपुरा, मलपुरा एवं मठेपुरा का भ्रमण किया गया। वहीं कराहल में मलेरिया निरीक्षक नरसिंह गौड़ द्वारा ग्राम सेसईपुरा एवं रानीपुरा का भ्रमण कर क्षेत्रीय स्वास्थ्य गतिविधियों की समीक्षा की गई। भ्रमण के दौरान आशा कार्यकर्ताओं एवं एएनएम के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्हें निर्देशित किया गया कि वे नियमित रूप से समुदाय में घर-घर भ्रमण कर बुखार पीड़ित मरीजों की मलेरिया किट से जांच करें तथा लार्वा सर्वे कार्य को प्रभावी रूप से संचालित करें। साथ ही पॉजिटिव मरीज मिलने पर तत्काल एएनएम एवं सीएचओ के माध्यम से पूर्ण उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। टीकाकरण सत्र स्थलों पर उपस्थित ग्रामीणों को मलेरिया एवं अन्य मच्छर जनित रोगों से बचाव संबंधी जानकारी प्रदान की गई तथा मच्छरदानी के नियमित उपयोग हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामीणों को समझाइश दी गई कि वे अपने घर एवं आसपास पानी जमा न होने दें,

# विजयपुर में होटल और रेस्टोरेंटों पर प्रशासन का छापा,11 घरेलू सिलेंडर जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विजयपुर कस्बे में शुक्रवार को प्रशासन और खाद्य आपूर्ति विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से होटल और रेस्टोरेंटों का निरीक्षण किया।

इस दौरान 4 जगहो से 11 घरेलू सिलेंडरों का व्यवसायिक उपयोग होता पाया गया। जिसके चलते टीम ने 11 सिलेंडरो को जब्त कर लिया है। शुक्रवार को नायब तहसीलदार विजयपुर राकेश शर्मा और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी विजयपुर शिवम मार्को ने होटल और रेस्टोरेंटो को चैक किया।

कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी शिवम मार्को ने बताया कि बाबा मिष्ठान भंडार से 3 घरेलू सिलेंडर, मित्तल स्वीट्स से 2 सिलेंडर, बाबा होटल से 5 और सुनवई तिराहे पर स्थित एक मिष्ठान भंडार से एक घरेलू सिलेंडर जब्त किया गया है।

# गंगा दशहरा के उपलक्ष्य में रामेश्वर धाम पर होगा मुख्य कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

गंगा दशहरा 25 मई के उपलक्ष्य में जिलेभर में दीपदान, जल स्त्रोतों का पूजन, कलश यात्राओं का आयोजन सहित वृक्षपूजन के कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में जल संवाद कार्यक्रम तथा मानव श्रंखलाओं के आयोजन के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया जायेगा।

जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत गंगा दशहरा के उपलक्ष्य में 25 मई को शाम 05 बजे से कलेक्टर शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में रामेश्वर धाम त्रिवेणी संगम पर मुख्य कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसके लिए व्यापक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही है। इस अवसर पर रामेश्वर घाम पवित्र त्रिवेणी संगम पर कलश यात्रा आयोजन के साथ ही भजन संध्या का आयोजन होगा तथा पवित्र त्रिवेणी संगम में दीपदान किया जायेगा। रामेश्वर धाम पर आयोजित कार्यक्रम के तहत एनआरएलएम अंतर्गत संचालित स्वसहायता समूह की महिलाएं मानपुर सहित अन्य आसपास के ग्रामों में घर-घर जाकर पीले चावल भेंटकर ग्रामीणों को कार्यक्रम में सहभागिता के लिए आमंत्रण प्रदान कर रही है।



## जिले के विकास के लिए सभी मिलकर समन्वय से कार्य करें: सांसद

# मार्च-2027 तक पूर्ण होगा श्योपुर तक ब्रॉडगेज लाइन का कार्य, बारिश से पूर्व मानपुर पुल शुरू करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिले के विकास के लिए जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी सभी मिलकर समन्वय से कार्य करें, विकास योजनाओं के प्रोजेक्ट बनाये तथा उन्हें अवगत कराया जायें, जिससे उच्च स्तर पर प्रयास करते हुए स्वीकृत कराने की कार्यवाही की जायेगी। इसके साथ ही ऐसे प्रोजेक्ट जो वरिष्ठ कार्यालयों में एनओसी अथवा अन्य तकनीकी स्वीकृतियों के लिए लंबित है, उनकी जानकारी प्रदान की जायें, जिससे उनका निराकरण कराया जा सकें। यह बात शुक्रवार को सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित दिशा समिति बैठक में अध्यक्षता की आसंदी से बोलते हुए कही। बैठक में कलेक्टर शीला दाहिमा, सहरिया विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष गुड्डी बाई आदिवासी सेसईपुरा, उपाध्यक्ष सीताराम आदिवासी, जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई आदिवासी, विधायक श्योपुर बाबू जण्डेल, विजयपुर मुकेश मल्होत्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष शंशाक भूषण, नगरपालिका अध्यक्ष रेणु सुजीत गर्ग, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट, डीएफओ सामान्य केएस रंधा, कूनो आर थिरूकुरल, सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने रेलवे विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि श्योपुर तक रेल लाइन का कार्य शीघ्रता से पूर्ण किया जायें, इसके साथ ही श्योपुर में पुराने रेलवे स्टेशन से नवीन रेलवे स्टेशन बर्धा बुजुर्ग तक सडक बनाने का प्रस्ताव तैयार किया जायें अथवा उक्त भूमि पुनः राजस्व विभाग को उपलब्ध कराई जाये, जिससे सडक निर्माण के लिए कार्य योजना बनाई जा सके। उन्होंने जानकारी दी कि वेस्टन रेलवे द्वारा श्योपुर-कोटा रेलवे लाइन निर्माण की प्रक्रिया की जा रही है। इस अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे के सहायक कार्यपालन यंत्री मनीष गर्ग ने बताया कि वीरपुर तक रेलवे ट्रेक का कार्य पूर्ण हो गया है तथा ट्रायल भी किया गया है, मार्च-2027 तक श्योपुर तक रेलवे ट्रेक पूर्ण कर ट्रायल कर लिया जायेगा। सांसद तोमर ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान कहा कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत क्षय रोगियों को पोष्टिक आहार हेतु उनकी ओर से 100 फूड बॉस्केट प्रदाय की जायेगी। सांसद ने एनएच-552 अंतर्गत जयस्तंभ श्योपुर पर शेष कार्य पूर्ण करने, शहरी नालों को कनेक्ट करने के निर्देश दिये। ब्रिज कॉर्पोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि मानपुर पुल वर्षाकाल से पूर्व ही पूर्ण कर लिया जायेगा। मेडिकल कॉलेज मार्ग पर जाटखेडा के समीप निर्माणाधीन पुल का कार्य दिसंबर तक पूर्ण होगा। उन्होंने जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि संचालित नलजल योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में दिशा समिति के सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों को शामिल कर सत्यापन कराया जायें तथा आमजन को पेयजल योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जायें।




### 61 सड़कें प्रस्तावित, मजरे टोलों के प्रस्ताव भी भेजे

बैठक में पीएमजीएसवाय अधिकारियों ने बताया कि पीएम जनमन अंतर्गत वर्ष 2026 के प्रथम चरण में 92.38 किलोमीटर लम्बाई की 57 सडके प्रस्तावित की गई है। इसी प्रकार द्वितीय चरण में 7.55 किलोमीटर लम्बाई की 4 सडके प्रस्तावित है, इसके अलावा मजरा टोला अंतर्गत वर्ष 2026-27 में कुल 61 सडके के निर्माण के प्रस्ताव भेजे गये है

### सेसईपुरा से टिकटोली तक फॉरलेन सड़क का तैयार करें प्रस्ताव

सांसद तोमर ने वन विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि चीता प्रोजेक्ट महत्वपूर्ण है तथा इसके प्रमोशन के लिए कार्य किया जायें, पर्यटको को आकर्षित करने के उद्धेश्य से जिले के महत्वपूर्ण मार्गो सहित समीपवर्ती जिलों में प्रमोशन के लिए होर्डिंग लगाये जायें। उन्होंने कहा कि टिकटोली गेट से पर्यटन गतिविधियों को बढाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। इसके साथ ही उन्होंने सेसईपुरा से टिकटोली तक फॉरलेन सडक निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को दिये। वर्तमान में 7 मीटर चैडी सड़क का निर्माण बजट में शामिल किया गया है।

## कलमी के पास जंगल में सड़क दुर्घटना का शिकार हुआ युवक

# ससुराल से घर लौट रहे युवक की एक्सीडेंट में मौत, पीएम न कराने की जिद पर अड़े परिजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शुक्रवार को ससुराल से अपने घर लौट रहे युवक की बाइक कलमी के पास जंगल में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दौरान युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जिला अस्पताल में लाने पर डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद जब देहात थाना पुलिस ने युवक के शव का पीएम कराने की कार्रवाई करने लगी तो युवक के परिजन बिफर गए और जिद पर अड़ गए कि हम पीएम नहीं करवाएंगे। इस दौरान पुलिस को करीब छह घंटे तक परिजनो को समझाने की मशक्कत करनी पडी,तब कहीं जाकर परिजन पीएम कराने पर राजी हुए। पीएम के बाद पुलिस ने शव को परिजनो के सुपुर्द कर दिया और एक्सीडेंट का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



पुलिस के मुताबिक कराहल निवासी धनजीत आदिवासी 50 वर्ष पुत्र लालजी आदिवासी गुरूवार को अपनी ससुराल कलारना आया था। शुक्रवार की सुबह 9 बजे के आसपास धनजीत आदिवासी बाइक से कराहल जाने के लिए कलारना से रवाना हुआ। श्योपुर और गोरस के बीच कलमी के पास जंगल में दोपहर 10 बजे के आसपास उसकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त और उसका शव पडा मिला। पुलिस की कहना है कि धनजीत की मौत बाइक दुर्घटनाग्रस्त होने की वजह से ही हुई है। शव को जिला अस्पताल में लाने पर परिजन भी जिला अस्पताल पहुंच गए। जब पुलिस शव को पीएम कराने के लिए पीएम हाउस ले जाने लगी तो परिजन यह कहते हुए विफर गए कि हमे पीएम नहीं करना और परिजनो ने शव को पीएम के लिए जाने नहीं दिया। देहात थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने बताया कि परिजनो को काफी देर यह समझाइस दी कि पीएम कराने से शासन की ओर से आर्थिक मदद का लाभ भी मिलेगा। करीब छह घंटे की मशक्कत के बाद परिजन पीएम कराने पर राजी हुए।

# सामान्य वन मंडल श्योपुर ने जीता पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सामान्य वन मंडल श्योपुर ने भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय जैवविविधता पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान प्रथम और द्वितीय पुरस्कार जीते है। इन पुरस्कारो के मिलने से सामान्य वन मंडल श्योपुर के अंतर्गत पदस्थ अधिकारी और कर्मचारियों में उत्साह का संचार हो गया है। सामान्य वन मंडल श्योपुर के डीएफओ केएस रंधा ने बताया कि मप्र राज्य जैव विविधता बोर्ड भोपाल के द्वारा शुक्रवार को भोपाल स्थित भारतीय वन प्रबंधन संस्थान के सभागार में अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय वार्षिक जैव विविधता पुरस्कार 2024 एवं 2025 वितरण समारोह आयोजित किया गया। राज्य स्तरीय इस पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान सामान्य वन मंडल श्योपुर को वर्ष 2024 में जैव विविधता अंतर्गत पहुंच एवं लाभ प्रभाजन के अधिकतम अनुबंध हेतु द्वितीय पुरस्कार तथा वर्ष 2024 में पहुंच एवं लाभ प्रभाजन की अधिकतम राशि हेतु प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया है।

खबर संक्षेप

## मारपीट की घटनाओं के अनेक मामले दर्ज किए

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बरखेडा अथाई निवासी गुडडा यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जयपाल और जूली यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत खैरोदा चक्क निवासी पूजा कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामकुमारी यादव, पप्पू यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जारौली निवासी आराम सिंह आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मेहरवान और अर्जुन आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम केनवारा निवासी रामपाल आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी श्रीराम आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बढ़यिादेह निवासी सोढूराम जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी चन्द्रभान जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से चन्द्रभान जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सोढूराम जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुरानी गल्ला मंडी रोड निवासी कृष्णभान राय ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अंकित, अमित, शिशुपाल और उदय राय ने एक राय होकर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से अंकित राय ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कृष्णभान राय, मधूसधन राय, रेखा और रोशनी राय ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।



## जल गंगा संवर्धन अभियानः राजपुर नदी पर किया श्रमदान

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशन में विकासखंड अशोकनगर के ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति राजपुर द्वारा जल गंगा संवर्धन के अंतर्गत राजपुर नदी पर श्रमदान किया गया। जिला समन्वयक बद्रीप्रसाद चैहान ने जल बचाने की अपील की एवं विखं समन्वयक मनोज यादव ने जल की सहभागिता में बताया कि श्रमदान में परामर्शदाता बलवीर यादव, प्रस्फुटन समिति के सचिव पवन कुशवाह, महुआलमपुर अध्यक्ष बृजमोहन सिंह यादव आदि थे तथा राजपुर समिति के मुनेश कुशवाह, श्रवण कुमार कुशवाह, राकेश खंडेलवाल व रानी खंडेलवाल सहित संबंधित उपस्थित थे।

### मानस मर्मज्ञ पंडित रामहृदय दास जी महाराज के प्रवचन

# आपसे दुनिया तो रूठ सकती है लेकिन गुरु कभी नहीं रूठता



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

स्थानीय वेदांत भवन में चित्रकूट धाम से आए पंडित रामहृदय दास जी महाराज ने मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र पर प्रवचन देते हुए कहा कि देह को गुरू मत कहना गुरू माध्यम है जहां से विचार प्राप्त होते हैं। गुरू वहीं है जो परम तत्व से जोड़ दे।

उन्होंने कहा कि ज्योतिष शास्त्र में केन्द्र में अगर बृहस्पति है तो वह गुरू है उसका राज्य योग कोई नहीं छीन सकता, कितने भी गृह आ जाए उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। इसी तरह गुरू का भी हमारे जीवन में विशेष महत्व है, दुनिया रूठ सकती है, गुरू कभी नहीं रूठ सकता। गुरू रचना कार है, जिस तरह कुम्हार घडे की रचना करता है उसी तरह गुरू भी अपने शिष्य को तैयार करता है। अगर गुरू की डांट पड़ भी जाए तो यह मानना कि वह शिष्य का निर्माण कर रहा है। बिना गुरू के ज्ञान खतरनाक होता है, जिसने गुरू की सरणगति प्राप्त नहीं की उसने कुछ नहीं किया। उसका ज्ञान अधूरा है, गुरू चरणों में बैठकर कभी देखे जो आनंद की प्राप्ति होती है वह गुरू के अलावा कहीं नहीं हो सकती।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि राम चरित मानस, ज्ञान बैराग्य और योग के सदगुरू है। रामायण हमें निज कर्म पर चलना बताती है, रामायण हमें सदा शुभ आचरण करना सिखाती है, जिन्हे संसार सागर से उतरकर पार जाना है उन्हें सुख के किनारे पर रामायण लगाती है। सुरेन्द्र सिंह, मनोज, देवेन्द्र, और जयप्रकाश मलावनी परिवार द्वारा आयोजित की जा रही इस राम कथा में प्रवचन देते हुए कहा कि महाराजा दसरथ के यहां कोई संतान नहीं थी, जब वह गुरू वशिष्ठ के पास गए तो उन्होंने आशीर्वाद दिया और कहा कि उनके यहां चार संतान होगीं। यदि आशीर्वाद लेना था तो पहले आ जाते, ऊपर वाले के यहां देने में कोई कमी नहीं है, पात्रता में कोई कमी नहीं है, उसकी करूणा में कोई कमी नहीं है। इस राम कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन भाग ले रहे हैं।

### 7वें दिन किसान रथ बिलाखना, गिरोल में पहुंचा

## मृदा परीक्षण से खेती उत्पादन में वृद्धि और लागत में कमी संभव



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

किसान रथ यात्रा सातवें दिन ग्राम बिलाखना, गिरोल एवं निबोदा पहुंचा। किसान रथ के क्षेत्र के किसानों में विशेष उत्साह देखने को मिला और उन्होंने बढ़-चढ़कर इस अभियान में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अवधेश राय ने किसान रथ यात्रा के उद्देश्य एवं महत्व को विस्तार पूर्वक समझाया। उन्होंने किसानों को जैविक खेती, ई-टोकन प्रणाली, संतुलित उर्वरक उपयोग एवं संतुलित सिंचाई प्रबंधन की आधुनिक तकनीकों के बारे में सरल एवं प्रभावी तरीके से जानकारी दी। इस दौरान कृषि विभाग के कृषि विस्तार अधिकारी प्रताप बागरी, सचिन चतुर्वेदी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने मिलकर किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि मृदा परीक्षण के आधार पर खेती करने से उत्पादन में वृद्धि और लागत में कमी संभव है।

किसानों को यह भी बताया गया कि ई-टोकन प्रणाली से फसल विक्रय प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सुगम बनती है, जिससे उन्हें उचित मूल्य प्राप्त होता है। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने इस पहल को अत्यंत लाभकारी बताया और कृषि विभाग के प्रयासों की सराहना की। किसान रथ यात्रा का मुख्य उद्देश्य किसानों को जागरूक, आत्मनिर्भर एवं उन्नत कृषि की दिशा में प्रेरित करना है।



## यात्रियों को निःशुल्क शीतल जल उपलब्ध कराने की शुरुआत

**बीना।** रेलवे स्टेशन पर समाजसेवी संस्थाओं द्वारा रेलवे प्रबंधन के सहयोग से गर्मी के मौसम में यात्रियों को निशुल्क शीतल जल उपलब्ध कराने की शुरुआत की है। शुभारंभ कार्यक्रम में विभिन्न संस्थाओं ने उपस्थित होकर शीतल जल उपलब्ध कराने की व्यवस्था की। इस मौके पर स्टेशन प्रबंधक आरके गुप्ता, उप प्रबंधक डीके जैन, राजीव रंजन (एसएससी), आशीष अवस्थी स्टेशन प्रबंधक वाणिज्य, मधुकर निगम डीसीआई, कमल सिंह मीना पोस्ट प्रभारी के अलावा समाजसेवी संस्था सेन समाज समिति से रज्जू सेन, यूनुस सिद्दीक मंसूरी, पुष्पेंद्र दुबे, समन्वय मंडपम के सचिव सत्यजीत सिंह ठाकुर आदि समाजसेवी उपस्थित रहे।

# बारिश के पूर्व किया नालों का निरीक्षण, गंदगी पर नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

बारिश के पूर्व गांधी वार्ड पार्षद भारती राय ने सफाई मुकदम के साथ वार्ड के नालों एवं नालियों का निरीक्षण किया। जिन्हें बारिश के पूर्व साफ-सफाई करने के लिए चर्चा की, जिससे बारिश के दिनों में वार्ड में जल भराव की स्थिति पैदा न हो। साथ ही वार्ड में मिली गंदगी को देख पार्षद ने नाराजगी व्यक्त की। पार्षद भारती राय ने सबसे पहले जागेश्वरी कॉलोनी से निकले नाले का निरीक्षण किया। जो जागेश्वरी कॉलोनी के गली नंबर 6 से होते हुए रेलवे बाईपास स्थित अग्रवाल फैक्चर हॉस्पिटल के पास पहुंच कर रेलवे के नाले में मिलता है। इस नाले से जागेश्वरी कॉलोनी की गली नंबर 1 से लेकर 6 तक का पानी इसी नाले से होकर निकलता है लेकिन हॉस्पिटल के पास जमा गंदगी के कारण बारिश का पानी निकलने में परेशानी होगी और वार्ड में जल भराव की स्थिति के साथ कुछ घरों में बारिश का पानी भर जाएगा।





इसके अलावा सिंधी कॉलोनी के पास से होकर निकलने वाले नाले का निरीक्षण किया। इन नालों की सफाई जेसीबी मशीन से होने के कारण पार्षद राय ने सीएमओ से चर्चा कर तत्काल जेसीबी मशीन उपलब्ध करा नालों की सफाई करने को लेकर चर्चा की। इसके अलावा वार्ड की नालियों का निरीक्षण किया। जागेश्वरी कॉलोनी स्थित एक होटल के पास की नली में भरी गंदगी को देख पार्षद ने नाराजगी व्यक्त की। जिस पर सफाई मुकदम ने बताया कि इस नाली की सफाई दो दिन पहले ही करवाई गई थी। पास में होटल होने के कारण होटल होने के कारण उसमें कचरा फेंका जाता है। जिस पर पार्षद भारती राय ने होटल संचालक एवं लोगों से अपील की कचरा यहां वहां न फेकें। कचरा गाड़ी आने पर ही उसमें कचरा डालें।

## अवैध शराब के कई प्रकरण किए पंजीबद्ध

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए हैं, कचनार पुलिस ने सोनेरा निवासी मनोज रजक के पास से 30 लीटर देशी मदिरा जप्त की है। चंदेरी पुलिस ने मोहम्मद यूसुफ खान के पास से 4 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। कचनार थाने की पुलिस ने ग्राम जुगया निवासी रतन सिंह बजारा के पास से 5 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

## दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत भोपाल अवधपुरी निवासी प्रियंका मंडरायी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ससुराल पक्ष द्वारा दहेज की मांग को लेकर उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ति किया गया, पुलिस ने ससुराल पक्ष के विवेक , रामलाल, किरणबाई, सौरभ के विरूद्ध मामला दर्ज किया है।

## सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में अशोकनगर आगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक, समयबद्ध एवं समुचित निराकरण सुनिश्चित किया जाए, जिससे शिकायतकर्ता को त्वरित एवं प्रभावी न्याय मिल सके।

उक्त निर्देशों के पालन में पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर, एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा, एसडीओपी मुंगावली सनम बी खान एवं एसडीओपी चंदेरी महेश शर्मा के मार्गदर्शन में जिला पुलिस के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा शिकायतकर्ताओं की प्राथमिकता से सुनवाई की गई। प्रत्येक शिकायत का गंभीरतापूर्वक परीक्षण कर त्वरित कार्यवाही करते हुए उनका संतुष्टिपूर्वक निराकरण किया गया।

इस सतत एवं प्रभावी प्रयास का परिणाम यह रहा कि माह अप्रैल 2026 की सीएम हेल्पलाइन ग्रेडिंग में जिला अशोकनगर ने 99.92 प्रतिशत स्कोर प्राप्त करते हुए पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है, जो कि जिला पुलिस की कार्यकुशलता, जवाबदेही एवं जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।




# कलेक्टर ने शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित शासकीय विद्यालयों की शैक्षणिक गतिविधियों,आधारभूत सुविधाओं तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तार से समीक्षा की गई।

कलेक्टर साकेत मालवीय ने निर्देश दिये कि विद्यालयों के नवीन सत्र प्रारंभ होने के पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण की जाएं। विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ विद्यार्थियों के सीखने के स्तर में सुधार के लिये विशेष प्रयास किये जाएं। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से विद्यालयों का निरीक्षण कर स्कूलों में पेयजल, विद्युत,शौचालय,साफ सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जाएं। उन्होंने ड्रॉप आउट बच्चों को पुनरू शत प्रतिशत विद्यालय से जोडने एवं नामांकन बढाने के लिये विशेष प्रयास किये जाने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुए अपूर्ण कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। बैठक में उन्होंने कलेक्टर/कमिश्नर कांफ्रेस के बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए पाठ पुस्तकों की प्राप्ति एवं विद्यार्थियों को विषयवार वितरण तथा साईकिल वितरण की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि चयनित जर्जर स्कूल भवनों को ध्वस्त किये जाने की नियमानुसार कार्यवाही की जाएं। साथ ही ऐसे स्कूलों के जर्जर कक्षों में ताला लगाकर बंद करा दिया जाएं। स्कूलों के कक्षों की नम्बरिंग की जाएं। उन्होंने उल्लास नवभारत साक्षारता अभियान कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु सभी आवश्यक गतिविधियां संचालित किये जाने के निर्देश दिये। नौजवानों को साक्षार बनाने पर जोर देते हुए कहा कि इस दिशा में कार्य किये जाएं।

बैठक में विभागीय कार्यो की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि विभागीय पोर्टल पर जानकारी अपडेट रखी जाएं। इस कार्य में लापरवाही न बरती जाएं। उन्होंने जल संचय जनभागीदारी तथा जल संरक्षण अभियान के अंतर्गत किये गए कार्यो की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने आगामी शैक्षणिक सत्र में स्कूलों में वंदेमातरम् का गायन अनिवार्य रूप से कराया जाएं। साथ ही योगा की कक्षाएं संचालित कर शारीरिक दक्षता की गतिविधियां चलाई जाएं।

उन्होंने निर्देश दिये कि स्कूलों के आसपास 100 मीटर की परिधि में गुटखा-तम्बाकू की दुकाने संचालित न हो इस हेतु दुकानों को हटाये जाने की आवश्यक कार्यवाही की जाएं। उन्होंने निर्देश दिये की मुख्य मार्ग के समीप स्कूलों के बाहर सांकेतिक बोर्ड लगवाये जाने की कार्यवाही की जाएं। उन्होंने सामुदायिक क्रियाकलाप हेतु स्कूली बच्चों के समूह बनाकर बृद्धाश्रम,ट्राफिक तथा वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली को समझने का अवसर दे। उन्होंने स्कूली बच्चों की समग्र आईडी बनवाये जाने हेतु संबंधित स्कूलों में आवश्यक संसाधन एवं व्यवस्थाएं कराये जाने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन,जिला शिक्षा अधिकारी सी.एस.सिसोदिया, डी.पी.सी राहुल शर्मा, ए.पी.सी,बी.आर.सी,सी.ए.सी,इंजीनियर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।